प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

23.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देश भर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के इस वर्ष का विषय है, **चंद्रमा का स्पर्श करते हुए जीवन के प्रति सजग होना : भारत की अंतरिक्ष गाथा**, जो समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव को रेखांकित करती है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।. यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 113वां एपिसोड होगा। मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद कार्यक्रम की यह तीसरी कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व्यस्त आधिकारिक कार्यक्रम के कारण वे आज शिमला में आम लोगों की समस्याएं नहीं सुन पाएंगे।

खेलो इंडिया सर्टिफिकेट

डिजीलॉकर से प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के लिए खिलाड़ियों की सहायता के लिए खेलो इंडिया आज एक वेबिनार आयोजित करेगा। खेलो इंडिया का यह विशेष वेबिनार **डिजिलॉकर से खेलो इंडिया सर्टिफिकेट कैसे डाउनलोड करें** शीर्षक से दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगा। खिलाड़ी खेलो इंडिया के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर वेबिनार में शामिल हो सकते हैं। पिछले वर्ष अप्रैल में, भारतीय खेल प्राधिकरण ने डिजीलॉकर के साथ खेलो इंडिया गेम्स सर्टिफिकेट को एकीकृत किया था।

आपदा प्रबंधन

सिरमौर जिला में आपदा के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों, भवनों के बारे में जागरूक करने को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी व सह अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी लायक राम वर्मा ने बताया कि मूल्यांकन से समुदायों के सामने आने वाले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस योजना को धरातल पर सफल बनाने हेतु फील्ड विजिट के लिए विभिन्न प्रकार की टीमों का गठन कर कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, आगजनी, बादल फटना इत्यादि विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें विभिन्न विभागों के लगभग 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

भाजपा सदस्यता

भाजपा का सदस्यता अभियान पहली सितम्बर से शुरू होगा और पार्टी इसे संगठन पर्व के रूप में मनाती है। इस अभियान को लेकर कल मंडी जिले के सुंदरनगर में एक कार्यशाला के दौरान पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि ये अभियान सर्व समावेषी होगा जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ हर वर्ग को पार्टी से जोड़ने का अवसर दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश में सदस्यता अभियान के दौरान 16 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है और हर बूथ पर 2 सौ सदस्य बनाए जाएंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। दिन के समय धूप खिलने से अधिकतम तापमान में एक डिग्री से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज

की गई है। मौसम विभाग ने आज और कल मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। विभाग ने प्रदेश में 25 अगस्त से फिर से वर्षा होने का अलर्ट जारी किया है। हालांकि बीते दिनों हुए भू–स्खलन से शिमला के एम एल ए क्रॉसिंग के पास 15 दिनों के भीतर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाएगा। ताकि लोगों को आने–जाने में सुविधा हो सके। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल क्षेत्र का दौरा कर भू–स्खलन उत्पन्न हालात का जायजा लिया।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी हैं।

दिव्य हिमाचल ने **कब भरेंगे जे ओ ए–लाइबेरियन के पद** शीर्षक से लिखा है **हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से 16 सितंबर तक मांगा जवाब।** दैनिक भास्कर ने लिखा है **हाईकोर्ट ने उन स्कूलों की सूची तलब की जहां लाइब्रेरियन के पद खाली हैं।**

सीएम सुक्खू ने रविवार को बुलाई कैबिनेट बैठक हिमाचल दस्तक की एक खबर है। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **कैबिनेट मीटिंग संडे को, छुटटी के दिन आएंगे अधिकारी।**

अपनी पूंजी के कुल मूल्य का अब 15 गुना कर्ज ले सकेंगी कृषि ऋण समितियां अमर उजाला की एक खबर है। **इसी पत्र के अनुसार हिमाचल में बनीं 20 दवाओं और एक इंजेक्शन का सैंपल फेल, उद्योगों को नोटिस।**

दैनिक जागरण के अनुसार **12 घंटे से ज्यादा नहीं होगी रेजीडेंट डाक्टर, इंटर्न व पीजी की डयूटी।**

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है **हिमाचल में एक साल में 18 फीसदी बढ़ी दूध की औसत खरीद। दैनिक सवेरा टाइम्स** के शब्द हैं **हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार के प्रयासों से दूध खरीद में भारी वृद्धि।**